


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 07 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 189 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# ईरान पर रातभर बमबारी

## दो बच्चों सहित 18 की मौत, इजराइल पर मिसाइल से किया पलटवार

● बड़ी अदालत ने 16 सप्ताह में मांगी विस्तृत रिपोर्ट



**तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिका-इस्राइल ने मंगलवार को ईरान पर किए गए हमलों में खोर्रमाबाद हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। वहीं, ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच इस्राइल ने ईरानियों को चेतावनी जारी करते हुए ट्रेनों और रेलवे लाइनों से बचने को कहा है। इस्राइल ने फारसी भाषा में जारी किए गए संदेश में कहा कि ऐसे करने पर उनके जीवन को खतरा हो सकता है। वहीं, ईरान के अल्बोर्ज प्रांत पर अमेरिकी-इस्राइली हमले में मारे गए 18 लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट संगठन ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और इस्राइल ने ईरान को 17 रिहायशी इलाकों पर बमबारी की है। एक्स पर किए गए पोस्ट में संगठन ने कहा, 'नागरिकों पर हमला करने का कोई औचित्य नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि निहत्थे नागरिकों पर हमला करना युद्ध अपराध है।' वहीं, ईरानी मीडिया ने बताया कि देश में रात भर चले अमेरिकी-इस्राइली हमलों में 15 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अमेरिकी-इस्राइली हमलों के जवाब में ईरान ने भी इस्राइल पर कई मिसाइलें दागी हैं। इस्राइली मीडिया के अनुसार ईरान द्वारा कई मिसाइलें दागे जाने के बाद मध्य इस्राइल में काफी नुकसान हुआ है। हालांकि, इस्राइल ने कई मिसाइलों को रोकने का भी दावा किया है। द टाइम्स ऑफ इस्राइल ने बचाव सेवाओं के हवाले से बताया कि यह क्षति ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल से दागे गए क्लस्टर सबमुनिशंस के कारण हुई थी। ईरान के सैन्य सूत्रों के अनुसार अमेरिका और इस्राइल की आक्रामकता के बावजूद सभी शहरों में मिसाइल लॉन्चर सक्रिय हैं और रोजाना ही मिसाइलें दागी जा रही हैं। फार्स न्यूज की रिपोर्ट में एक सैन्य सूत्र ने बताया है कि ईरान की मिसाइल आक्रमण क्षमताओं को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है। नई टीमों की तैनाती के साथ दुश्मनों के हवाई हमलों को बहुत तेजी से बेअसर किया जा रहा है।

## फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर एयर इंडिया ने भी बढ़ाया किराया



**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के कारण जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिसका असर अब हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला है। देश की प्रमुख एयरलाइन एअर इंडिया ने लागत के बढ़ते दबाव को देखते हुए अपने फ्यूल सरचार्ज में बदलाव का फैसला लिया है। एयरलाइन के इस कदम के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों की कीमतों में इजाफा होना तय है, जिससे आने वाले दिनों में डोमेस्टिक फ्लाइट में किराया 299 रुपये लेकर 899 रुपये तक बढ़ जाएगा। वहीं, इंटरनेशनल टिकटों के दाम 2200 रुपये लेकर 26000 रुपये तक बढ़ जाएंगे।

## पांच आतंकी गिरफ्तार, कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमले की थी तैयारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में लश्कर-ए-तैयबा के एक अतरराज्यीय टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिसमें दो पाकिस्तानी आतंकवादियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह ऑपरेशन एक बड़े एंटी-टेरर क्रैकडाउन का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस केंद्र शासित प्रदेश से आगे बढ़कर सेंट्रल एजेंसियों की मदद से पंजाब में ऑपरेशन कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक बार सतर्कता ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश को दहलाने के रचे जा रहे आतंकी षड्यंत्र को विफल बनाते हुए लश्कर-ए-तैयबा के दुर्दांत आतंकी अबु हुरैरा उर्फ अब्दुल्ला के साथ उस्मान उर्फ खुबैब समेत पांच आतंकियों को हिरासत में लिया है। हुरैरा लगभग 16 वर्ष से सुरक्षा एजेंसियों को धता बताते हुए न सिर्फ कश्मीर में बल्कि देश के अन्य भागों में भी अपनी गतिविधियां चला रहा था। इस पूरे माड्यूल को पता लगाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में 19 जगहों पर छापेमारी करनी पड़ी है।

# चुन-चुन कर भगाए जाएंगे घुसपैठिए

● असम की रैली में अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के श्रीभूमि जिले के पाथरकांडी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा, साफ सुन लीजिए, हम असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने असम की बराक घाटी की उपेक्षा की, उसके विकास के लिए कुछ नहीं किया। गृह मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने घुसपैठियों की पहचान कर ली है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनाइए, हमने घुसपैठियों की पहचान कर ली है। अब समय आ गया है कि उन्हें एक-एक कर बाहर किया जाए। शाह ने यह भी कहा कि अगर असम, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में भाजपा-एनडीए की सरकारें बनती हैं तो घुसपैठ पूरी तरह रोकी जा सकेगी। सांस्कृतिक मुद्दों पर बात करते हुए शाह ने कहा कि केवल भाजपा में करिमगंज का नाम बदलकर श्रीभूमि करने का संकल्प है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सत्ता हासिल करने के लिए घुसपैठियों पर निर्भर रहती है।

## चार मैच की सीरीज के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस सीरीज के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया।

## यूपी में आबकारी कांस्टेबल की 722वैकेंसी 40 साल वाले भी कर सकते हैं आवेदन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSC), लखनऊ ने आबकारी कांस्टेबल (आबकारी सिपाही) के पद के लिए भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इस भर्ती के जरिए प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त के अधीन कुल 722 खाली पद भरे जाएंगे। जिन उम्मीदवारों ने प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (PET-2025) दी है और जिनके पास वैध स्कोरकार्ड है, वे मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2) है, जिसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से पास किया गया हो या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यह योग्यता आबकारी कांस्टेबल, ड्राइवर और ताड़ी पर्यवेक्षक सेवा नियम, 1983 (संशोधित) के अनुसार तय की गई है।

## सेंसेक्स गिरा, निफ्टी 22800 से नीचे, रुपया 17 पैसे कमजोर

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 800 अंक से अधिक गिर गया। वहीं, निफ्टी 22,800 से नीचे पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 824.44 अंक गिरकर 73,282.41 पर आ गया; निफ्टी 248.95 अंक गिरकर 22,719.30 पर पहुंच गया। इटरनल और इंडिगो के शेयरों में 2 प्रतिशत की गिरावट दिख रही है। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे गिरकर 93.07 पर आ गया। मंगलवार को एशियाई शेयर बाजार में सतर्कतापूर्ण कारोबार के बीच मिला-जुला रुख देखने को मिला। ट्रंप की ओर से ईरान को होर्मुज को समुद्री फिर से खोलने या बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी का जोखिम उठाने की समय सीमा निर्धारित करने से पहले तेल की कीमतों में लगातार उछाल जारी रहा।

# सीएम की पत्नी पर तीन पासपोर्ट रखने का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता के घर पर धमकी पुलिस

● बढ़ी पवन खेड़ा की मुश्किल

**नई दिल्ली।** असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर तीन-तीन पासपोर्ट रखने के आरोप लगाने के बाद अब वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। मंगलवार 7 अप्रैल को निजामुद्दीन स्थित पवन खेड़ा के घर पास असम क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची है। उनकी पत्नी ने असम पुलिस में प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। जिस संबंध में जांच के लिए असम पुलिस उनके घर पर आई हुई है। इस दौरान उनके आवास पर दिल्ली पुलिस की टीम भी मौजूद है। पवन खेड़ा ने सीएम हिमंत की पत्नी रिंकी भुइयां पर आरोप लगाते हुए कहा था, 'हमारे पास ऐसे दस्तावेज हैं जिसने पता चलता है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन पासपोर्ट हैं। पहला UAE का गोल्डन कार्ड है, दूसरा एंटीगुआ और बारबुडा का पासपोर्ट है और तीसरा मिस्र का पासपोर्ट है। इनमें से दो पासपोर्ट इस्लामिक देशों के हैं, फिर भी वे सार्वजनिक रूप से अपने धार्मिक जुड़ाव का दावा करते रहते हैं।'




# जंग के बीच चीन ने चली गहरी चाल

## अमेरिका-इजराइल के नाक के नीचे से उठा ले गया ईरान का यूरेनियम

● बिना किसी शोर-शराबे के विमान भेजकर हथियार भी पहुंचाया



**नई दिल्ली।** जब दुनिया की नजरें एक तरफ अमेरिका के रेस्क्यू ऑपरेशन पर टिकी थी। जहां F15 ईगल के पायलट को बचाने की जद्दोजहद चल रही थी। उसी वक्त बता दें कि एक ऐसा खेल हुआ जिसने पूरी दुनिया को इस समय हैरान कर दिया और यह खेल बड़े ही चुपचाप तरीके से हुआ। बिना शोर के और सीधे अमेरिका को यहां पर चैलेंज दिया गया। यानी कि चुनौती देते हुए यह खेल किया दावा यह सामने आया है कि चाइना ने ईरान में अपने विमान भेजे और उन्हीं विमानों में हथियार भी पहुंचाए गए और साथ ही साथ ईरान का जो यूरेनियम था वो भी बाहर निकाल लिया गया है। रिपोर्ट्स और चर्चाओं में यह दावा सामने आ रहा है कि चीन के कार्गो विमान ईरान पहुंचे। ऊपर से लॉजिस्टिक सपोर्ट दिख रहा था। लेकिन अंदर क्या था? यह सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है। दावा यह सामने आया है कि इन विमानों में मिसाइल के पार्ट्स, डिफेंस इक्विपमेंट भेजा गया और वापसी में ईरान का संवेदनशील यूरेनियम साथ ले जाया गया।

## इजरायल की ईरानियों के लिए कड़ी चेतावनी ट्रेनों में न बैठें, रेलवे ट्रैक से दूर रहें

**येरुशलम।** इजरायल रक्षा बलों ने पूरे ईरान के लोगों से ट्रेनों और रेलवे लाइनों से बचने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि उनकी जान को खतरा हो सकता है। एक्स पर स्थित अपने फारसी भाषा के खाते के माध्यम से जारी की गई इस चेतावनी में नागरिकों से एक निश्चित अवधि के लिए रेल परिवहन का उपयोग न करने का अनुरोध किया गया है। सेना ने कहा कि आपकी सुरक्षा के लिए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस समय से लेकर ईरानी समयानुसार रात 9 बजे (भारतीय समयानुसार रात 11 बजे) तक, आप पूरे ईरान में ट्रेन का उपयोग और यात्रा न करें। ट्रेनों में और रेलवे लाइनों के पास आपकी उपस्थिति आपके जीवन के लिए खतरा है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 07 अप्रैल, मंगलवार, 2026 (3)






साझा संस्कृति मंच ने अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चले रहे जंग को रोकने के लिए मार्च निकाल कर की शांति की अपील।

जनमुख डेस्क

# छात्रों ने घेरा कुलपति आवास

## आधी रात से धरना-प्रदर्शन जारी, वार्डेन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**● छात्र का कमरा बंद करने पर भड़का मामला**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वीसी आवास के बाहर देर रात से ही छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मामला भगवान दास छात्रावास का है। बताया जा रहा है कि एक निष्कासित छात्र हॉस्टल में भोजन करने पहुंचा था। इसी दौरान वहां पर वार्डन पहुंचे और उन्होंने उसके साथ रहने वाले छात्र का कमरा नंबर 90 बंद कर दिया। छात्रों ने आरोप लगाया है कि जब दूसरे छात्र की कोई गलती नहीं थी तो उसको बाहर निकाल कर कमरा क्यों बंद किया गया। स्टूडेंट्स ने बताया कि शनि नाम के छात्र को एक विवाद में दोषी पाते जाने पर उसको कमरे से निकाल दिया गया था लेकिन एक कमरे में 2 लड़के रहते है। दूसरा जो लड़का रहता है उसको भी बाहर करके वार्डन ने कमरा बंद कर दिया। फोन करने पर काल भी नहीं उठाया। जिसके बाद हमें कुलपति के घर के आगे बैठना पड़ा है। लेकिन यहां प्राक्टोरियल बोर्ड के लोग हमें मारने पीटने के लिए मुंह बांधकर पहुंचे। इससे छात्रों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। आक्रोशित छात्रों ने वीसी आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। छात्रों का कहना है की वार्डन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। छात्रों के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और प्राक्टोरियल बोर्ड की टीम मौजूद है। वही छात्रों को समझा बूझकर मामला शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। छात्रों ने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगे भी अपने विरोध को जारी रखेंगे। इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि छात्रों के बीच विश्वास बहाल किया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

### रग्बी क्वार्टर फाइनल में पहुंची विद्यापीठ की टीम

**वाराणसी।** वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की रग्बी टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगातार चार मैच जीतकर अंतिम आठ में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यापीठ की टीम ने अभियान की शुरुआत ग्वालियर के LNIPI को हराकर की। दूसरे मैच में आगरा के डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय को पराजित किया। तीसरे मुकाबले में उदयपुर के भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय को हराया। चौथे मैच में राजस्थान के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को हराकर टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की।

### हज सफर 22 से वाराणसी से जाएंगे 828 जायरीन

**वाराणसी।** मुकद्दस हज सफर 22 अप्रैल से शुरू हो रहा है। लखनऊ एयरपोर्ट से 22 अप्रैल से दो मई तक 12 दिनों में 14 फ्लाइट्स से पूर्वांचल समेत लखनऊ के आसपास कुल 5978 जायरीन जाएंगे। इनमें बनारस के 828 जायरीन हैं। हज के अरकान मक्का में 25 से 30 मई के बीच मुकम्मल होंगे। हाजियों की वतन वापसी दो जून से शुरू होगी। इस बार भी पूर्वांचल के जायरीन लखनऊ एयरपोर्ट से हज सफर पर जाएंगे। उनकी दो दिन पहले 20 अप्रैल से वहां रिपोर्टिंग होगी। हज सफर पर 25 व 28 अप्रैल और दो मई को दो-दो फ्लाइट्स उड़ान भरेंगी। अन्य नौ दिन एक-एक फ्लाइट है। पहली फ्लाइट 22 अप्रैल को दोपहर 2:20 बजे जाएगी। 23 को रात 12:15 बजे, 24 को सुबह छह बजे, 25 को एक रात 12:55 बजे और दूसरी रात में 7:50 बजे, 26 को दोपहर 2:45 बजे, 27 को सुबह 9:40 बजे, 28 को पहली फ्लाइट सुबह 5:20 बजे और दूसरी फ्लाइट रात 11:30 बजे उड़ान भरेगी।

# मार्च निकाल कर युद्ध बंद करने की अपील

**● विश्व में शांति सबसे जरूरी**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अमेरिका इजरायल की ओर से ईरान पर थोपे गए विनाशकारी युद्ध को बंद करने की मांग लेकर सोमवार को शांति मार्च निकाला गया। जो सिगरा शहीद उद्यान से भारत माता मंदिर पहुंचा। मार्च का नेतृत्व फादर आनंद ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि युद्ध सिर्फ ईरान इस्रायल की सीमाओं तक सीमित नहीं है, यह पूरी दुनिया के आम लोगों की जिंदगी पर हमला है। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने से तेल-गैस आपूर्ति पर असर पड़ रहा है, जिससे पेट्रोल, डीज़ल और LPG के दाम बढ़ने और किल्लत होने वाली है। शहर में मिठाई की दुकान, कैफे रेस्टोरेंट आश्रम मठ इत्यादि गैस किल्लत से बुरी तरह प्रभावित हुए है। जागृति राही ने कहा कि संकट केवल ईंधन तक सीमित नही है, MRI मशीन में उपयोग होने वाली मेडिकल गैस (हीलियम) की आवक भी प्रभावित हुई है। जाँच और चिकित्सा क्षेत्र मुश्किल में पड़ सकता है। अमोनिया गैस की भी किल्लत ने तहलका मचाया हुआ है। शांति मार्च में डा. आनंद प्रकाश तिवारी, किसान नेता रामजनम, कांग्रेस प्रवक्ता संजीव सिंह, NAPM के सतीश सिंह, कुसुम वर्मा, नीति भाई, सरिता पटेल जिला पंचायत सदस्य फादर आनंद, मुनिजा खान, सुजाता, सुतपा, एकता, नीति, सतीश सिंह, अनामिका, हेतवी, शबनम, बबलू, धन्नजय, रामजनम यादव, जुबैर, सुमन, सिस्टर फ़्लोरिन, अशफाक, कुंवर सुरेश सिंह, अमित पाण्डेय, मनष, असीम, उर्मिला, शाकिर इत्यादि शामिल रहे।

### एसयूवी 'ऑल-न्यू डस्टर 2026' का अनावरण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश के ऑटोमोबाइल के प्रमुख व्यावसायिक शहर वाराणसी रोहनिय में 05 मार्च 2026 को रेनॉल्ट की बहुप्रतीक्षित



एसयूवी 'ऑल-न्यू डस्टर 2026' अनावरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत गुप्ता (वरिष्ठ गैस्ट्रोएंट्रोलाजिस्ट) और डॉ. मनोज कुमार शाह (राज्य सह-संयोजक विदेश संपर्क विभाग भारतीय जनता पार्टी यू. पी.) के द्वारा किया गया। कम्पनी के जनरल मैनेजर शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने नई डस्टर की आधुनिक विशेषताओं, दमदार प्रदर्शन और कीमतों के बारे में जानकारी साझा की। बताया कि नई डस्टर अत्याधुनिक RGMP प्लेटफ़ॉर्म पर बनी है, जो भारतीय सड़क स्थितियों के अनुकूल बेहतर सवारी और हैंडलिंग सुनिश्चित करती है।

# कमीशनखोरी बंद करें स्कूल

**● किताब, कॉपी, जूते-मोजे दुकान विशेष दुकान से खरीदने के लिए दबाव बनाया तो कार्रवाई तय**




**वाराणसी।** प्राइवेट स्कूलों में कमीशन के चक्कर में बच्चों को किताब व ड्रेस अपने ही परिचित दुकान से लेने का दबाव बनाया जाता है। यही कारण है कि मनमानी दामों पर दुकानदार किताबें बेच रहे हैं। सीधा कमीशन स्कूल संचालकों को मिल रहा है। सिर्फ कापी और किताब ही नहीं बल्कि ड्रेस व जूते, मोजे तक बाहर अपने परिचित दुकानों पर खरीदने का दबाव बनाते हैं। इसे लेकर DIOS भोलेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त आदेश जारी किया है। सभी स्कूल व कालेजों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सीधे स्कूल प्रिंसिपल और मैनेजर पर होगी। दरअसल, स्कूलों की इस मनमानी की शिकायतें लगातार उच्चाधिकारियों व शासन स्तर पर हो रही हैं। अब प्रदेश में नए शैक्षिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों की फीस और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर शासन ने सख्त रुख अपना लिया है। DIOS ने कहा है कि सभी स्ववित्त पोषित विद्यालयों में फीस निर्धारण पूरी तरह नियमों के तहत ही किया जाए और किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बरसात आने से पहले ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की कोशिश

**● सड़क पर उतरे महापौर और नगर आयुक्त**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बरसात के दौरान शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। महापौर के नेतृत्व में निरीक्षण चितईपुर से शुरू हुआ, जहां मुख्य मार्ग पर स्थित बड़े नाले के साथ ही गांव के भीतर से गुजरने वाली ड्रेनेज लाइन को देखा गया। इसके बाद निगम की टीम कंचनपुर पोखरी पहुंची और वहां पूर्व में किए गए वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया।

## भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पार्टी कार्यालय, गुलाब बाग पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। पार्टी का ध्वजारोहण महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल, पूर्व विधान परिषद सदस्य वीणा पाण्डेय, प्रेम कपूर एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष गुप्ता द्वारा किया गया। पूर्व चेयरमैन रामनगर आशा गुप्ता ने संगठन की मजबूती और निरंतर विस्तार पर काफी कुछ कहा। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन विनोद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में महापौर अशोक तिवारी, वीणा पाण्डेय, विद्यासागर राय, सुधीर मिश्रा, राहुल सिंह, आत्मा विश्वेश्वर, नवीन कपूर, अशोक पटेल, कुसुम सिंह पटेल, साधना वेदांती, रचना अग्रवाल, गीता शास्त्री, पूजा दीक्षित, डॉ. ज्योति, संध्या विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौशालाओं में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गौशाला व्यवस्था आदि की समीक्षा की। उन्होंने जनपद में संचालित सभी गौआश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि गौशालाओं में मानकों के अनुसार ही सारे प्रबंध होने चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। गौशालाओं में निराश्रित गोवंश के समुचित रख रखाव, भूसा एवं चारे की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि गौशालाओं में गोवंश को धूप से बचाव हेतु पर्याप्त छायादार शेड, ग्रीन नेट, जुट टाट की बोरी से छाया की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

### लापरवाही के आरोप में कांजी हाउस का संविदाकर्मी हटाया गया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम द्वारा ग्राम ऐढ़े में संचालित गोवंशों के रख-रखाव में लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा सम्बन्धित दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। पिछली रात एक बड़े बिगड़ैल गोवंश ने एक बछड़े को मार दिया था तथा सुरक्षा में लगे गेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था, कुत्तों ने गेट के भीतर घुसकर मृत बछड़े के शव को नोंचा-खसोटा। समस्त प्रकरण संज्ञान में आने पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल सुरक्षा में लगे एक संविदा कर्मी की सेवा को समाप्त कर दिया और कांजी हाउस के प्रभारी अधिकारी पशु कल्याण के विरूद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।



**● प्रभारी अधिकारी के खिलाफ शासन को लिखा पत्र**




# एआई का तीव्र विकास सभी क्षेत्रों को व्यापक रूप से प्रभावित करेगी

**● बीएचयू कुलपति ने किया राजीव गांधी दक्षिणी परिसर का भ्रमण**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने सोमवार को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर का भ्रमण किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। वे राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर स्थित न्यू लेक्चर थियेटर में आयोजित 'शिक्षण, अधिगम एवं शोध में एआई एकीकरण' विषयक एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कुलपति ने परिसर स्थित विंध्यवासिनी, हिमाद्री एवं नीलगिरी छात्रावासों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने एन्थ्रॉपिक के उदाहरण से एआई के तीव्र विकास की ओर संकेत करते हुए कहा कि यह तकनीक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों को व्यापक रूप से प्रभावित करने जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान का आश्वासन दिया।

### नदेसर में 256 कॉमर्शियल गैस सिलिंडर जांच में मिले अवैध

**वाराणसी।** नदेसर (घौसाबाद) क्षेत्र में बंद पड़े सुधा पेट्रोल पंप के निकट एक मकान से 256 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। इनमें 200 भरे हुए और 56 खाली सिलेंडर शामिल हैं। इस मामले की सूचना मिलने पर जिला पूर्ति विभाग की टीम ने तुरंत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सिलेंडरों का भंडारण पूरी तरह से अवैध तरीके से किया गया था। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल कानून का उल्लंघन करती हैं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करती हैं।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### दामाद की पीट-पीटकर हत्याःससुराल में कमरे में बंद कर बेरहमी से मारा, पत्नी समेत 3 गिरफ्तार



**सोनभद्र।** ससुराल गए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पारिवारिक विवाद के बाद उसे कमरे में बंद कर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी, सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सोनभद्र के रायपुर थाना क्षेत्र स्थित परसवनिया गांव का है। जानकारी के अनुसार, सुनील पासवान (35) की शादी करीब आठ साल पहले परसवनिया गांव की जानकी से हुई थी। उनकी पत्नी पिछले सात महीने से मायके में रह रही थी। सुनील तीन दिन पहले उसे वापस लाने ससुराल पहुंचे थे। रविवार शाम किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने सुनील को कमरे में बंद कर दिया और हाथ-पैर बांधकर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। गंभीर हालत में सुनील को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वैनी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर दशरथ पासवान, सास फुलवंती देवी और पत्नी जानकी को दरमा पहाड़ी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक अन्य आरोपी, मृतक का साला राजू फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## भदोही समाचार

### 16 अप्रैल से शुरू होगी विद्यापीठ की सेमेस्टर परीक्षाएं

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं 16 अप्रैल से शुरू होंगी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन ने परीक्षा के लिए चार विषयों की समय सारिणी घोषित कर दी है। जबकि शेष अन्य विषयों की समय सारिणी जल्द जारी होगी। परीक्षा के लिए कॉलेज प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। पीजी और यूजी में करीब नौ हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूजी और पीजी की करीब 19 विषयों की पढ़ाई होती है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध महाविद्यालय अब विंध्याचल विश्वविद्यालय से जुड़ गया है। प्रथम सेमेस्टर में अभी विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय से प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

## सुल्तानपुर समाचार

### जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में गई जान

**दोस्तपुर/ मोतिगरपुर।** मोतिगरपुर के अहिरौली निवासी बाइक सवार वैभव चतुर्वेदी (24) की बाइक रविवार रात दोस्तपुर के सरैयापट्टी गांव के पास अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें एंबुलेंस से बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिवार में चीख-पुकार मची है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैभव ने हेलमेट नहीं पहना था। परिजनों ने बताया कि वैभव रविवार शाम दोस्तपुर के छीतेपट्टी गांव में एक रिश्तेदार के यहां जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए घर से अकेले ही बाइक लेकर निकले थे। वहां से रात में लौटते समय यह दुर्घटना हो गई। उनकी मौत से पिता महेंद्र चतुर्वेदी, माता कुसुमलता, छोटा भाई गौरव व दो बहनें आंचल व कोमल सदमे में हैं। दोस्तपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक नारदमुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### ट्रक चालक के हत्यारोपी खलासी की तलाश में पुलिस, खंगाल रही फुटेज

**सुल्तानपुर।** शहर के पयागीपुर के पास रविवार दोपहर बाद खड़े ट्रक में प्रयागराज निवासी चालक प्रदीप यादव का चोटिल शव पड़ा मिला। मृतक के पिता राम आधार की तहरीर पर पुलिस ने देर रात खलासी प्रतापगढ़ के जेठवारा निवासी संजय शर्मा के खिलाफ कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज की है।

## बलिया समाचार

### 5 साल के बच्चे पर गिरा घर का 3 क्विंटल का गेट, मौत



**बलिया।** सुखपुरा थाना अंतर्गत हनुमानगंज के वृंदावन कॉलोनी निवासी राजेश ठाकुर के घर का लोहे का मुख्य गेट शनिवार को गिर गया। इसके नीचे दबने से उनके पांच वर्षीय पुत्र देवांश ठाकुर की मौत हो गई। राजेश ठाकुर ने पुलिस को तहरीर देकर मिस्त्री पर लापरवाही से गेट लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पांच महीने पहले से वृंदावन कॉलोनी में घर बनवाकर रहते हैं। लोहे का 3 क्विंटल का मेन गेट स्थानीय एक मिस्त्री से बनवाया गया था। मकान के निर्माण के दौरान ही मुख्य गेट लगवाया गया था।

## चंदौली समाचार

### घर के बाहर टहलते समय किसान पर टूटकर गिरा तार, मौत, लापरवाही पर जेई निलंबित



**चंदौली।** जिले के चकरघट्टा थाना के टिकुरिया गांव में रविवार की रात घर के बाहर टहल रहे किसान पर हाई टेंशन तार टूटकर गिर पड़ा। तार की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। गांव निवासी संजय यादव (42) के घर के समीप खेत है और खेतों से होकर हाई टेंशन तार गुजरा है। संजय और ग्रामीणों ने कई बार बिजली निगम के अधिकारियों से तार हटाने की मांग की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तार जर्जर भी हो चुका था। रविवार की रात लगभग आठ बजे संजय यादव खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। इसी बीच हवा चलने लगी और तार टूट कर संजय पर गिर पड़ा। करंट की चपेट में आने से संजय गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन और ग्रामीणों ने किसी तरह संजय को तार से अलग किया और घायल संजय को नौगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। यहां तैनात डॉ. नागेंद्र ने संजय को मृत घोषित कर दिया। संजय के मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी हीरावती, माता माधुरी का रो रो कर हाल बेहाल हो गया। मृत संजय यादव के दो पुत्र हैं। एक संदीप यादव (22) जो अपनी पढ़ाई पूरी करके निजी कंपनी में बाहर काम करता है।

## जौनपुर समाचार

### दर्शन कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**मड़ियाहूं (जौनपुर)।** आध्यात्मिक नगरी विंध्याचल से दर्शन कर लौट रहे दो दोस्तों के लिए रविवार की रात काल बनकर आई। मड़ियाहूं-जौनपुर मार्ग पर स्थित शीतलगंज बाजार के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। पुलिस के अनुसार, गोरखपुर जिले के चौरीचौरा निवासी दीपक जायसवाल (36) और मुकेश जायसवाल (24) विंध्याचल धाम से दर्शन पूजन कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। देर रात जैसे ही वे शीतलगंज बाजार के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और लहूलुहान हो गए।

## मऊ समाचार

### एएसपी ने ली परेड की सलामीःपुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**मऊ।** जिले के पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक (ASP) अनूप कुमार ने मंगलवार परेड में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। इस दौरान, ASP ने यूपी-112 और थानों से आए वाहनों की गहनता से जांच की। उन्होंने पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण और सुरक्षा उपकरणों के संबंध में जानकारी ली और उनकी भी जांच की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुलिस लाइन में चल रही आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) का भी निरीक्षण किया। बाद में, अपर पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्ड, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक और पूरे पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मऊ के आलोक निषाद बने नायब तहसीलदार

**मऊ।** सहादतपुरा निवासी आलोक निषाद ने यूपीपीसीएस 2024 परीक्षा में 157वीं रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। यह आलोक का दूसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह साबित किया कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## गाजीपुर समाचार

### ट्रेन के सामने कूदकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के इलायचीपुर उर्फ डिगरी गांव के पास सोमवार को सुदर्शन यादव ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जीआरपी चौकी प्रभारी अश्विनी पटेल ने बताया कि डाउन रेल लाइन से गुजर रही 22564 जयनगर अंत्योदय एक्सप्रेस के सामने एक व्यक्ति कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ने कुछ मीटर की दूरी पर ट्रेन रोकी और घटना की सूचना स्टेशन पैनल को दी, जिसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। स्टेशन से मिली सूचना के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पटरी से हटवाकर किनारे कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है।

## आजमगढ़ समाचार

### चार माह की गर्भवती विवाहिता का इस हाल में मिला शव, 10 महीने पहले हुई थी शादी



**आजमगढ़।** जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मनिकाडीह बाजार में सोना देवी (24) का शव रविवार की शाम कमरे में फंदे से लटकता मिला। वह चार माह की गर्भवती थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। मिजौना थाना माधवगढ़ जिला जालौन निवासी संदीप कुमार कुशवाहा ने बताया कि उनकी बहन सोना की शादी दो जून 2025 को बुरहना थाना ननदे जिला जालौन निवासी कौशल किशोर कुशवाहा से हुई थी। कौशल तीन साल से मनिकाडीह बाजार में रहकर फुलकी-छोला बेचता है। वह यहां किराये के मकान में रहता है। उसके साथ पिता, बहन, मां रहती हैं। संदीप ने बताया कि वह एक महीने पहले मनिकाडीह आया था। रविवार को उसके बहनोई दुकान लगाने गए थे। बहन अपने कमरे में सो रही थी। शाम को सोना के कमरे में गया तो रस्सी के फंदे से लटकता उसका शव मिला। शोर मचाने पर अन्य परिजन आए। भाई ने बताया कि किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था, न जाने क्यों मेरी बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## देवरिया समाचार

### सहायक समीक्षा अधिकारी बनीं प्रिया

**बरहज।** क्षेत्र के मोहरा गांव निवासिनी प्रिया सिंह पुत्री डॉ.संजय सिंह सोलंकी ने आरओ-एआरओ की परीक्षा के 2026 के घोषित परिणाम में 22वां रैंक हासिल किया है। मोहरा गांव निवासी डॉ.संजय सोलंकी और सुनीता सिंह के चार संतान प्रीति, रत्नेश्वर, दुग्धेश्वर में प्रिया तीसरे नंबर की हैं। प्रिया सिंह ने 2025 में यूपीपीसीएस आरओ-एआरओ की परीक्षा दिया था। 2026 में मेंस परीक्षा के बाद घोषित परिणाम में प्रिया ने 22वां रैंक हासिल किया है। इन्होंने 2021 में भी परीक्षा में हिस्सा लिया था। लेकिन एक नंबर से पीछे रह गई थीं। प्रिया की सफलता पर भाजपा नेता कामेश्वर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एसएन सिंह, सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव अर्जुन सिंह, मुरली मनोहर जायसवाल, डॉ. चंद्रदीप सिंह, मनोज सिंह, अखंड प्रताप सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालयो के खिड़कियो में जाली लगवाए। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान कहीं विद्यालयो में जाली लगा नहीं पाए पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयो में पंखे/कूलर की व्यवस्था कराएं एवं पेयजल हेतु आर0ओ0 की व्यवस्था कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि ग्राम पंचायतो में जल भराव है तो उसका निस्तारण कराएं तालाब की सफाई कराएं एवं एंटी लार्वा का छिड़काव व जिस तालाब की सफाई व कीटनाषक दवाईयो का छिड़काव हुआ है उस तालाब एक बोर्ड भी लगाए ताकि पता चले कि छिड़काव कब कराया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों की सफाई व एंटी लार्वा, फागिंग भी कराएं ताकि बीमारियो से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत पशुओ का टीकारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों व कॉलेज में अध्यापक के द्वारा बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने शौचालय का प्रयोग करने के उपरांत हैंड वॉश, खाना खाने से पूर्व साबुन से हाथ धोने आदि के बारे में जानकारी दी जाए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने धीमी प्रकट प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने ग्रामवार ड्यू लिस्ट बनाकर शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रयागराज समाचार

### एसआरएन अस्पताल के चिकित्सक की संदिग्ध दशा में मौत, परिजन कुछ बोलने से कर रहे इन्कार



**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.आदित्य की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है जिसे लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा।

घटना को लेकर परिजन भी स्तब्ध हैं और वह इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पोस्टमार्टम हाउस में पिता दिलीप और छोटा भाई दीपक दोनों मौजूद रहे। घटना को लेकर चिकित्सक भी हैरान हैं। चिकित्सक का अंतिम संस्कार दारागंज घाट पर किया जाएगा। दारागंज प्रयागराज के मूल निवासी डॉ. आदित्य जूनियर डॉक्टर थे। एसआरएन अस्पताल के सर्जरी डिपार्टमेंट में उनकी तैनाती दो साल पहले की गई थी। रविवार को ड्यूटी करके वह रात में घर चले गए थे। अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात करीब डेढ़ बजे उनकी सांसें थम गईं। इससे अस्पताल में हड़कंप मच गई। घटना को लेकर अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हैं। फिलहाल परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगया है।

## गोरखपुर समाचार

### आधुनिक सुविधाओं से लैस डॉ. टीपी शाही कंप्यूटर रिसर्च सेंटर



**गोरखपुर।** सोमवार को सीएम योगी ने डॉ. टीपी शाही कंप्यूटर रिसर्च सेंटर का शुभारंभ किया। यह लैब दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज के आर्ट फैकल्टी में शुरू किया गया है। जिसमें टोटल 25 अत्याधुनिक कंप्यूटर मौजूद है। इस लैब की खासियत के बारे में बताते हुए कंप्यूटर एक्सपर्ट विवेक ने कहा कि सबसे खास बात यह है कि टीपी शाही कंप्यूटर लैब AI को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। इसमें BSC, MSC, BCA और MCA के स्टूडेंट्स के कंप्यूटर नॉलेज के साथ-साथ रिसर्च वर्क भी कर सकते हैं।

प्रोग्रामिंग भाषाएं, सॉफ्टवेयर का अनुप्रयोग, डेटा एनालिसिस, बिग डेटा यूजेज, यूजर इंटरफेस, यूजर एक्सपीरिएंस, ऑटोमिक्स और रोबोटिक्स की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कंप्यूटर एंड रिसर्च सेंटर का मिशन नवाचार और रिसर्च को बढ़ावा देना और समस्या, समाधान के कौशल को विकसित करना है। साथ ही यह लैब पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा को जोड़ने का काम करेगा। इस अत्याधुनिक लैब में स्टूडेंट्स के लिए हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। जिनमें हाई स्पीड वाईफाई, अत्याधुनिक कंप्यूटर, AC और अन्य चीजें शामिल हैं।

इन कंप्यूटर में वे सभी सुविधाएं मौजूद हैं, जो एक कंप्यूटर डेटा सेंटर या लैब में होनी चाहिए। कंप्यूटर एक्सपर्ट विवेक ने कहा इसमें एक साथ 25 स्टूडेंट्स कंप्यूटर की ट्रेनिंग लेंगे। इसमें ट्रेनर और एक्सपर्ट्स मौजूद होंगे। जो आसान भाषा में उन्हें AI, डेटा एनालिसिस, ग्राफिक डिजाइंनिग रिसर्च वर्क या जो कुछ भी वे सीखना चाहते हैं, उसकी जानकारी बारीकी से देंगे। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ एक कंप्यूटर लैब नहीं बल्कि रिसर्च सेंटर भी है। इसलिए सस्टूडेंट्स को डिजिटल इनोवेशन और उस पर रिसर्च करने का मौका मिलेगा। जिससे वे नई तकीनीकी के इस्तेमाल, उसकी अच्छाई और बुराई के बारे में पता लगा सकेंगे। डॉ. टीपी शाही कंप्यूटर रिसर्च सेंटर में टोटल 25 अत्याधुनिक कंप्यूटर मौजूद है। उनका कहना है कि यहां से ट्रेनिंग लेने वाला हर स्टूडेंट एक जानकर बनेगा और भविष्य में डिजिटल क्षेत्र में बेहतर करेगा।

## लाइफ मंत्र

### अक्षय तृतीया पर करें ये गुप्त दान, दूर होंगी आर्थिक बाधाएं और बढ़ेगा धन-लाभ




अक्षय तृतीया का पावन पर्व इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 को मनाया जाएगा। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आने वाला यह दिन सनातन धर्म में अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। इस दिन किए गए पूजा-पाठ और दान का फल अक्षय (कभी समाप्त न होने वाला) माना जाता है।

**क्यों खास है अक्षय तृतीया?**

इस दिन माता लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इसे अबूझ मुहूर्त कहा जाता है, कोई भी शुभ कार्य बिना मुहूर्त देखे किया जा सकता है। धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है अक्षय तृतीया। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन गुप्त दान करने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं।

**अक्षय तृतीया पर करें ये गुप्त दान**

चने की दाल का दान। अक्षय तृतीया पर चने की दाल का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। इससे गुरु ग्रह मजबूत होता है और जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है।

**जल का दान**

इस दिन प्यासे को पानी पिलाना या मंदिर में मिट्टी का घड़ा दान करना पुण्यदायी होता है। इससे अशुभ ग्रहों का प्रभाव कम होता है और घर में बरकत आती है।

**छाता और चप्पल का दान**

जरूरतमंदों को छाता या चप्पल दान करना विशेष फलदायी माना गया है। इससे राहु-केतु के दोष शांत होते हैं और अचानक आने वाली समस्याएं टलती हैं।

**पंखा और मिट्टी के बर्तन**

गर्मी के मौसम में हाथ से चलने वाले पंखे या मिट्टी के बर्तन दान करना शुभ होता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और करियर व व्यापार में सफलता मिलती है।

**सत्तू और गुड़ का दान**

सत्तू और गुड़ का गुप्त दान करने से पितृ प्रसन्न होते हैं। इससे धन संबंधी बाधाएं दूर होती हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**दान करते समय रखें इन बातों का ध्यान**

दान हमेशा गुप्त रूप से करें (बिना दिखावे के) मन में निस्वार्थ भाव रखें। प्रसन्न मन से दान करें। तामसिक वस्तुओं का दान न करें। अक्षय तृतीया का दिन दान और पुण्य कर्मों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

इस दिन सही विधि और श्रद्धा से किया गया गुप्त दान जीवन में धन, सुख और समृद्धि लेकर आता है। यदि आप आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो इस अक्षय तृतीया पर इन उपायों को जरूर अपनाएं।

## सिर्फ Step Count नहीं, अब आपकी Health का पूरा ख्याल रखेंगी ये Smartwatches, देखें List



आजकल स्मार्ट घड़ियां केवल स्टेप काउंटर नहीं, बल्कि हार्ट रेट, ऑक्सीजन लेवल और नींद की गहराई से निगरानी करने वाले उन्नत हेल्थ मॉनिटर बन गई हैं। इस रिपोर्ट में जानें कि कैसे Apple Watch Series 9, Samsung Galaxy Watch, और OnePlus Watch 2 जैसे विकल्प बैटरी लाइफ और स्वास्थ्य ट्रैकिंग में एक-दूसरे से अलग हैं। आजकल फिटनेस का मतलब सिर्फ कदम गिनना नहीं रह गया है, बल्कि लोग अब अपनी सेहत, नींद और शरीर की स्थिति को समझने के लिए स्मार्ट घड़ियों का सहारा लेने लगे हैं। बदलते समय के साथ ये उपकरण अब ज्यादा उन्नत हो चुके हैं और अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से विकल्प भी बढ़ गए हैं। बता दें कि Apple Watch Series 9 और Samsung Galaxy Watch8 Classic जैसे उपकरण अब केवल सामान्य आंकड़े नहीं देते, बल्कि दिल की धड़कन, रक्त में ऑक्सीजन स्तर और शरीर की थकान जैसे पहलुओं पर भी गहराई से जानकारी देते हैं। ऐसे फीचर्स उन लोगों के लिए खास माने जा रहे हैं जो अपनी सेहत को विस्तार से समझना चाहते हैं। वहीं Amazfit Active Max उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प माना जा रहा है, जो लंबे समय तक बैटरी चलने और बाहरी गतिविधियों के लिए मजबूत सुविधा चाहते हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, इसमें लंबी बैटरी के साथ कई खेल मोड और जीपीएस जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे बिना फोन के भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा OnePlus Watch 2 संतुलित प्रदर्शन के साथ सामने आता है, जिसमें बैटरी और प्रदर्शन के बीच अच्छा तालमेल देखने को मिलता है। यह उन यूजर्स के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, जो बार-बार चार्ज करने की परेशानी से बचना चाहते हैं। इससे अलग Apple Watch SE 3 जैसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो जरूरी फिटनेस ट्रैकिंग सुविधाएं कम कीमत में उपलब्ध कराते हैं। हालांकि इसमें कुछ एडवांस फीचर्स नहीं मिलते, लेकिन रोजमर्रा की फिटनेस जरूरतों के लिए यह पर्याप्त माना जाता है। मौजूद जानकारी के अनुसार, इन उपकरणों में सबसे बड़ा अंतर बैटरी और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी की गहराई में देखने को मिलता है। जहां कुछ उपकरण रोजाना चार्ज करने की जरूरत रखते हैं, वहीं कुछ कई दिनों तक बिना चार्ज के चलते हैं। बताते चलें कि फिटनेस उपकरण चुनते समय लोगों को अपनी जरूरत, बजट और उपयोग के तरीके को ध्यान में रखना जरूरी है। जानकारों के अनुसार, केवल डेटा इकट्ठा करना ही काफी नहीं होता, बल्कि यह भी जरूरी है कि उपयोगकर्ता उस जानकारी को समझकर अपनी दिनचर्या में सुधार कर सके। इस तरह देखा जाए तो आज के समय में स्मार्ट घड़ियां केवल फैशन का हिस्सा नहीं, बल्कि सेहत को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी हैं और सही विकल्प चुनना उपयोगकर्ता की जरूरत पर निर्भर करता है।



## Apple का बड़ा दांव! iPhone 18 Pro Max में मिलेगा अब तक का सबसे बड़ा Upgrade, डिजाइन और कैमरा सब बदलेगा

**एप्पल के आगामी iPhone 18 Pro और Pro Max में इस बार कैमरा और डिजाइन पर खास फोकस किया जा रहा है, जिसमें वेरिएबल अपर्चर तकनीक और एक समान ग्लास फिनिश जैसे बड़े सुधार शामिल हो सकते हैं। बेहतर प्रोसेसर और बड़ी बैटरी के साथ, ये नए मॉडल सितंबर के आसपास लॉन्च होकर प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा देंगे।**

हर साल नए फोन को लेकर चर्चा रहती है, लेकिन इस बार एप्पल के नेक्स्ट जनरेशन के प्रीमियम फोन आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स को लेकर उत्सुकता कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। पिछले साल की आईफोन 17 के सफलता के बाद अब कंपनी अपने अगले मॉडल पर बड़े बदलाव की तैयारी में है। मौजूद जानकारी के अनुसार नई श्रृंखला को इस साल के अंत में पेश किया जा सकता है, जिसमें बेहतर डिजाइन, प्रदर्शन और कैमरा तकनीक देखने को मिल सकती है।

बता दें कि पिछली श्रृंखला आईफोन 17 को बाजार में काफी मजबूत प्रतिक्रिया मिली थी, जिसके बाद कंपनी अब अगले मॉडल को और एड़वांस बनाने पर ध्यान दे रही है। गौरतलब है कि इस बार सामान्य मॉडल को अलग समय पर पेश किया जा सकता है, जबकि प्रीमियम मॉडल के साथ एक नया फोल्ड होने वाला फोन भी लाया जा सकता है।


डिजाइन की बात करें तो संकेत मिल रहे हैं कि इस बार पीछे की तरफ एकसमान कांच का फिनिश दिया जा सकता है, जिससे फोन का लुक ज्यादा साफ और प्रीमियम नजर आए। साथ ही, कुछ नए रंग विकल्पों पर भी परीक्षण चल रहा है, जिनमें गहरा लाल, बैंगनी और कॉफी जैसे शेड शामिल बताए जा रहे हैं। डिस्प्ले को लेकर शुरुआती चर्चाओं में बड़े बदलाव की बात सामने आई थी, लेकिन अब मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी पुराने डिजाइन को ही थोड़ा छोटा करके पेश कर सकती है, जिससे स्क्रीन का इस्तेमाल थोड़ा और बढ़ जाएगा। दोनों मॉडल में उच्च रिफ्रेश दर के साथ बड़ी स्क्रीन मिलने की संभावना जताई जा रही है।

प्रदर्शन के मामले में इस बार नई पीढ़ी का प्रोसेसर देखने को मिल सकता है, जो तेज गति और बेहतर ऊर्जा बचत के साथ आएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे फोन की कुल क्षमता में साफ सुधार देखने को मिल सकता है। साथ ही बड़े मॉडल में बैटरी क्षमता भी थोड़ी बढ़ाई जा सकती है, जिससे लंबे समय तक उपयोग संभव हो सके।

कैमरा सेक्शन में भी कंपनी कुछ नए प्रयोग कर सकती है। बताया जा रहा है कि मुख्य कैमरे में बदलने योग्य अपर्चर तकनीक दी जा सकती है, जिससे फोटो और वीडियो में गहराई और रोशनी को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा नई सेंसर तकनीक के जरिए तस्वीरों की गुणवत्ता और प्रोसेसिंग स्पीड में सुधार की उम्मीद है। लॉन्च को लेकर संकेत हैं कि इसे सितंबर के आसपास पेश किया जा सकता है।

कीमत के बारे में अभी साफ जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि पिछले साल की तरह ही दाम रखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह नया मॉडल तकनीक और डिजाइन के मामले में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है और प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा को और तेज कर सकता है।

## Samsung Galaxy S26 Launch: ऊंची कीमत, पुराने फीचर्स, क्या सैमसंग फैंस को मिलेगा बड़ा झटका?



सैमसंग के नए गैलेक्सी एस26 और एस26 प्लस बेहतर प्रदर्शन तो देते हैं, लेकिन कैमरा और डिजाइन में बड़े बदलाव की कमी के कारण यह एक मामूली अपग्रेड जैसा लगता है। कीमत को देखते हुए, यह फोन पुराने मॉडल से अपग्रेड करने वालों के लिए तो सही है, पर हाल के मॉडल वाले यूजर्स को अपग्रेड के लिए कोई खास वजह नहीं देता।

Samsung ने अपने नए गैलेक्सी एस26 और एस26 प्लस बाजार में लॉन्च किया लेकिन के इस बार कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला। बता दें कि कंपनी ने इस सीरीज में बड़े बदलाव की बजाय लगातार सुधार की रणनीति अपनाई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, जहां टॉप मॉडल में खास फीचर जोड़े गए हैं, वहीं एस26 और एस26 प्लस में डिजाइन और फीचर सेट काफी हद तक पहले जैसा ही रखा गया है।

बता दें कि इन स्मार्टफोन में नया प्रोसेसर और बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलता है, जिससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में तेजी और स्थिरता दोनों में सुधार हुआ है। बैटरी क्षमता में भी हल्का इजाफा किया गया है, जिससे लंबे समय तक इस्तेमाल की उम्मीद की जा सकती है।

डिस्प्ले के मामले में भी छोटे बदलाव किए गए हैं, जैसे स्क्रीन साइज में मामूली बढ़ोतरी, जो उपयोग के दौरान थोड़ा बेहतर अनुभव देता है। हालांकि, बड़े स्तर पर कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। गौरतलब है कि कैमरा हार्डवेयर को लेकर सबसे ज्यादा सवाल उठ रहे हैं। कंपनी ने इसमें सॉफ्टवेयर सुधार जरूर किए हैं, लेकिन हार्डवेयर लगभग पहले जैसा ही रखा गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, दिन में फोटो अच्छी आती हैं, लेकिन कम रोशनी में सीमाएं साफ नजर आती हैं।

इसके साथ ही कीमत भी चर्चा का विषय बनी हुई है। बढ़ती कीमतों के बीच उपभोक्ता अब ज्यादा नए फीचर की उम्मीद करते हैं, लेकिन यहां ऐसा कोई खास फीचर नहीं है जो तुरंत आकर्षित कर सके।

बता दें कि अगर कोई यूजर पुराने मॉडल से अपग्रेड कर रहा है, तो यह फोन एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। लेकिन जिनके पास हाल ही का मॉडल है, उनके लिए अपग्रेड जरूरी नहीं माना जा रहा है।

कुल मिलाकर, यह स्मार्टफोन भरोसेमंद और संतुलित प्रदर्शन देते हैं, लेकिन भविष्य में कंपनी को बड़े बदलावों की जरूरत महसूस हो सकती है ताकि ग्राहकों को ज्यादा आकर्षित किया जा सके।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

